**Patrika (Indore), 19th August 2019, Patrika Plus, Page-15**

ANCHOR

## आई5 समिट के दूसरे दिन 15 स्टार्ट अप्स ने दिया प्रजेंटेशन

# पैसा ही सबकुछ नहीं, डिफरेंट आइडिया देते हैं सक्सेस

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ अगर आप बिजनेस के क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहते हैं तो कई तरह के उतार-चढ़ाव आपको देखने को मिलेंगे। उस चीज के बारे में विचार करो जो असंभव है और उस परिस्थिति को भी स्वीकार करो जिसकी उम्मीद नहीं है। यानि खुद को हर तरह की परिस्थिति के लिए तैयार करो। ऐसा करने पर ही आप एक सफल बिजनेसमैन बन सकते हैं। यह बात आइआइएम और आइआइटी इंदौर की ओर से आयोजित आई5 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन क्विजिंग एक्सपर्ट गिरी बालासुब्रमण्यम ने कही। उन्होंने अपनी केबीसी में जर्नी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, सिर्फ पैसों के दम पर बिजनेस नहीं चलाया जा सकता। एक डिफरेंट आइडिया और यूनिक सोच ही बिजनेस का ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। वर्तमान समय में आपका सेलफोन ही आपका वेंचर कैपिटल है। फंडिंग हमेशा उस स्थिति में लेनी चाहिए जब आप डिमांडिंग पोजिशन पर हों।

कार्यक्रम में शॉपक्लूज और ड्रुम के फाउंडर संदीप अग्रवाल ने ई-कॉमर्स के महत्व को बताते हुए कहा, बिन्नी बंसल (फ्लिपकार्ट) और विजय शेखर शर्मा (पेटीएम) जैसी ब्रांड बाजार में उतारने वाले यंगस्टर्स देश के हीरो हैं। उन्होंने इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप की स्प्रिट जगाई है। एन्टरप्रेन्योर वर्ल्ड में जगह बनाने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने बताया कि किस तरह बारह साल में 7 अलग-अलग कंपनीज में काम करने के बाद भी उनके अंदर एन्टरप्रेन्योरशिप के उत्साह को बरकरार रखा है। स्पीकर सीरिज में इनसाइड आइआइएम के को-फाउंडर कुंज संघवी ने अपनी जर्नी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अपने एक कॉलेज फ्रेंड के साथ मिलकर बी-स्कूल इको सिस्टम तैयार किया जिसमें स्टूडेंट्स टॉप रिक्रूटर्स के साथ जुड़ सकें। उन्होंने अपनी पुस्तक पहला कदम और बॉलीवुड फिल्मों के जरिए बताया कि किस तरह से बोरिंग फाइनेंशियल कॉन्सेप्ट को भी इंटरेस्टिंग बना सकते हैं।





## इन स्टार्ट अप्स ने दिया प्रजेंटेशन

समिट में युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाले स्टार्टअप इंदौरी आर्टिस्ट ने अपने प्रजेंटेशन में बताया की किस तरह टेलेंट को मंच प्रदान कर प्रतिभाएं काम कर सकती हैं और अपनी नई पहचान बना सकती हैं। इसके अलावा अन्य स्टार्टअप में विशेष रूप सक्षम बच्चों के लिए तैयार किया अरूणाभ जो बच्चों की कम उम्र में उनकी क्षमताओं को पहचान करने की कोशिश करता है, साथ ही इंटरवेंशन और आउटरीच प्रोग्राम के जरिए आंगवाड़ियों के बीच लर्निंग गेप को खत्म करने का काम करता है। उपवास स्टार्ट अप व्रत करने वालों को वैरायटी हेल्दी फूड प्रोवाइड करता है। आइमेंटर डिजिटल सिटीजनशीप एवं इंटरनेट मैच्योरिटी के लिए स्टार्ट अप है जो टीनएजर्स को साइबर बुलिंग, पैलाग्रिज्म, सोशल डिसओरिएंटेशन और इससे मिलती-जुलती समस्याओं का समाधान बताता है। ट्यूटर 24*7 स्टूडेंट्स के लिए एक ऑनलाइन डाइट सॉल्विंग स्टार्ट अप है जो देश के टॉप एजुकेटर्स के जरिए ऑडियो सोल्यूशन प्रोवाइड करता है। किक मी एक वर्सेटाइल सॉफ्टवेयर है जो स्टूडेंट कम्युनिटी को सॉल्यूशन प्रोवाइड करता है। इसमें एक स्टूडेंट पोर्टल है अड्डा जिसमें देशभर के स्टूडेंट्स नोट्स और इन्फॉर्मेशन साझा कर सकते हैं।